This question paper contains 4+2 printed pages]

आपका अनुक्रमांक.........................

1042

B.Com. (H)/II **D**

Paper XV—Hindi (A) हिंदी (क)

(आधुनिक भारतीय भाषा : हिंदी)

समय : 2 घण्टे पूर्णांक : 50

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

टिप्पणी :– इस प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक 'स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग' के बी. कॉम. (ऑनर्स) में प्रवेश-प्राप्त छात्रों के

का समानुपातिक पुनर्निर्धारण परीक्षाफल तैयार करते समय किया जायेगा।

1. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) वह धारा अब तक

बरस सहस्रों बीत गये

P.T.O.

आँखों के आगे आती है

धर रूप नये!

    है कभी शंकराचार्य

    कभी नानक कबीर

    वह आती-जाती है हम तक

    होकर अधीर!

अथवा

प्रश्न मन में हुआ पैदा

शांति अथवा युद्ध

हिंसा या अहिंसा

प्रेम अथवा क्रूरता ?

    शूरता के नाम से जो है प्रतिष्ठित

    क्या नहीं भय-भीति है वह ? 5

(ख) महाराज को सुख-सुविधाओं से मोह नहीं है। जो राजा सत्ता और अधिकार त्याग सकता है, उसे सुख-ऐश्वर्य से मोह क्यों होगा ? पर फिर दानवीर ययाति का मन क्यों अशांत होना चाहिए ? आपने सदा धर्म का पालन किया है, पितरों की पूजा–आराधना में कभी त्रुटि नहीं रही। इसी के कारण आपको यश मिला है। समस्त आर्यावर्त में आपके नाम की धूम है।

अथवा

गुरु से अपमान कैसा ? गुरु से तो जो कुछ मिले, शिरोधार्य करना चाहिए।...सुनो गालव, गुरु विश्वामित्र के पास मैं अकेली जाऊँगी। मैं उनसे तुम्हारे लिए क्षमा–याचना करूँगी। मैं उन्हें सारी बात बताऊँगी। मैं कहूँगी कि तुम इस गुरु–दक्षिणा के लिए जगह-जगह भटकते रहे हो, और घोड़े न मिलने पर आत्महत्या तक करने जा रहे थे। 5

2. 'कालजयी' खण्ड-काव्य के मूल उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

'कालजयी' खण्ड-काव्य के आधार पर अशोक का चरित्र-चित्रण कीजिए। 8

3. 'माधवी' नाटक में माधवी **अथवा** गालव का चरित्र-चित्रण कीजिए। 7

4. 'विराटा की पद्मिनी' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) जनार्दन शर्मा ने हकीम को अलीमर्दान के पास क्यों भेजा ?

अथवा

राम दयाल कौन था ? वह नरपत सिंह के घर क्यों गया था ? 2

(ख) लोचन सिंह कौन था ? उसने मंदिर के बाहर किसको मारा ?

अथवा

बड़ी रानी राजा नायक सिंह के साथ पंचनद जाने को क्यों तैयार हुई ? 3

5. मानक लिपि की विशेषताएँ लिखिए।

अथवा

मानक भाषा की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 5

6. विज्ञापन की परिभाषा बताते हुए उसके महत्व को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

किसी **एक** का पल्लवन कीजिए :

(क) करत-करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान।

(ख) मज़हब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना। 5

7. किसी **एक** विषय पर **250** शब्दों में निबन्ध लिखिए :

(*i*) प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफ. डी. आई.)

(*ii*) महिला सुरक्षा और कानून

(*iii*) भारत में भ्रष्टाचार

(*iv*) विज्ञापन और उपभोक्ता वस्तुएँ। 5

8. कोश की परिभाषा देते हुए द्विभाषिक कोश की विशेषताएँ बताइए।

अथवा

किन्हीं **पाँच** शब्दों के हिंदी प्रतिरूप लिखिए :

Account, Agreement, Collection, Finance, Penalty, Sensex, Treasury, Valid. 5